# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट-वर्ष 2024

## लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट: वर्ष 2024 में सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- **लखनऊ पुलिस ने ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत 329 दोषियों को सजा दिलाने में सफलता पाई।**
- **लखनऊ पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति से नागरिकों के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ाया।**
- **गैंगस्टर एक्ट के तहत 201 अपराधियों को गिरफ्तार कर 1 अरब से अधिक की संपत्तियां जब्त की गईं।**
- **ट्रिपल मर्डर और ब्लाइंड मर्डर जैसे मामलों में त्वरित अनावरण कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।**
- **अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए 12 साइबर ठग गिरफ्तार हुए।**
- **यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए विभिन्न प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक बैरियर लगाकर जाम की समस्या का समाधान किया गया।**
- **अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 लाख से अधिक चालान और 2810 वाहन सीज किए गए।**
- **गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 319 अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई।**
- **साइबर धोखाधड़ी में 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया।**
- **डिलीवरी बॉय के अपहरण और हत्या के आरोपी सहित शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसा गया।**

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने वर्ष 2024 में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय कार्य किए। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के नेतृत्व और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) बबलू कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अमित वर्मा, और पांचों जोन के डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह, डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव, डीसीपी उत्तरी संकल्प शर्मा, डीसीपी मध्य रवीना त्यागी, तथा डीसीपी दक्षिणी निपुन अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है।

लखनऊ पुलिस ने अपनी त्वरित कार्रवाई और ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत 329 दोषियों को सजा दिलाने में सफलता पाई। गंभीर अपराधों, साइबर धोखाधड़ी, हत्या, डकैती और अपहरण जैसे मामलों में पुलिस की तत्परता और प्रतिबद्धता ने अपराधियों के मंसूबों को ध्वस्त किया। गैंगस्टर एक्ट और गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 49 मामले दर्ज करते हुए 201 अपराधियों को हिरासत में लिया गया। वहीं, एक अरब से अधिक की संपत्तियां जब्त की गईं।

यातायात प्रबंधन में भी पुलिस ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। आईटी चौराहा, स्मृति वाटिका, निशातगंज पुल, और वारलेस चौराहा जैसे क्षेत्रों में यातायात सुधार के लिए नई रणनीतियां लागू की गईं। अवैध वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लाखों चालान और 2810 वाहनों को सीज किया गया। इन प्रयासों ने शहर के ट्रैफिक संचालन को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाया।

वर्ष 2024 में लखनऊ पुलिस ने अपराध और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। इन प्रयासों ने जहां अपराधियों के हौसले पस्त किए, वहीं शहरवासियों के बीच सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट एक बार फिर नये साल में नागरिकों की सुरक्षा तथा अपराध एवं अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर चलने को कृत संकल्पित है।

**वर्ष 2024 में लखनऊ पुलिस द्वारा किये गये प्रमुख सराहनीय कार्य निम्नवत है:-**

1.थाना मलिहाबाद पुलिस टीम द्वारा 06 घण्टे के अन्दर पत्नी ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर की पती की हत्या के आरोपीगणों को किया गया गिरफ्तार।

2.थाना बिजनौर पुलिस द्वारा मात्र 04 घंटे के अन्दर ट्रिपल मर्डर के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

3.थाना चिनहट की पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे 24 घंटे के भीतर बैंक चोरी का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में 01 अभियुक्त की मृत्यु व 04 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया।

4.थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा डिलीवरी ब्वाय का अपहरण करके हत्या करने के आरोपी 01 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

5.थाना चिनहट व थाना गोमतीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डकैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर डकैतों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

6.थाना चिनहट की पुलिस टीम द्वारा महिला की हत्या को दुर्घटना के स्वरूप दिखाने वाले 03 शातिर हत्यारोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

7.थाना गोमतीनगर क्षेत्रान्तर्गत ताज होटल के निकट बने अंडरपास के पास बारिश से जल भराव होने तथा आने जाने वाले राहगीरों व वाहनों के साथ कुछ अराजकतत्वों द्वारा हुड़दंगई तथा अन्य आपत्तिजनक गतिविधियां किये जाने वाले अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

8.थाना मडियांव पुलिस टीम द्वारा शाइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से सम्बन्धित अभियोग में वांछित 50 हजार रुपये का इनामिया किया गया गिरफ्तार।

9.थाना पीजीआई पुलिस टीम गुमशुदा युवक के मिले नरकंकाल में हत्या के आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

10.सर्विलांस (डीसीपी पूर्वी) व थाना-पी0जी0आई की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा में 12 शातिर साइबर ठगो को किया गया गिरफ्तार।

11.थाना सरोजनीनगर पुलिस टीम द्वारा ब्लाइंड मर्डर की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त व 01 नफर सहअभियुक्ता को लूट के माल के साथ किया गया गिरफ्तार ।

12.थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा टेलीग्राम व अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को सट्टा खिलवाने वाले 12 शातिर साइबर अभियुक्तों को गिरफ्तार।

13.थाना तालकटोरा पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 03 शातिर चेन स्नैचर / अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।

14.थाना विभूतिखण्ड की पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए बन्द घरों में घुसकर चोरी करने वाले 05 शातिर चोर/नकबजन व 01 महिला अभियुक्ता गिरफ्तार,

15.थाना चौक, थाना ठाकुरगंज व सर्विलांस/स्वाट/साइबर टीम श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एसिड अटैक से सम्बन्धित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार।

16.थाना गाजीपुर की पुलिस टीम द्वारा थाना गाजीपुर क्षेत्रान्तर्गत सेवानिवृत्त आईएएस के घर में घुसकर लूटपाट कर उनकी पत्नी की हत्या कारितकरने वाले शातिर हत्यारोपियों को गिरफ्तार।

17.साइबर पुलिस टीम द्वारा ए0के0टी0यू0/बैक का फर्जी अधिकारी बनकर बैक में खाता खुलवाकर 120 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करने वाला फर्जी बैंक अधिकारी/ मुख्य साइबर अपराधी को किया गया गिरफ्तार।

**दिनांक 01.01.2024 से अब तक लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा गैगेस्टर एक्ट के तहत की गई कार्यवाही-**

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शातिर अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट के तहत 49 अभियोग पंजीकृत करते हुए 201 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

गैंगेस्टर के विरूद्ध 14(1) की कार्यवाही अमल में लायी गयी (कुल योग)- 11 वाद में

गैंगेस्टर के विरूद्ध जब्त की गयी सम्पति (रूपयों ) में प्राथमिक रूप से - (कुल योग)- 01 अरब 09 करोड़ 30 लाख 27 हजार 510 रूपये /-

कमिश्नरेट लखनऊ में संचालित न्यायालयो द्वारा गोवध अधिनिया घटना में प्रयुक्त 03 वाहनों को राजकीय पक्ष में अधिहरण किया गया।

**उ0प्र0 गुण्डा नियत्रण अधिनियम 1970 के तहत कार्यवाही-**

दिनांक 01.01.2024 से उ0प्र0 गुण्डा नियत्रण अधिनियम 1970 के तहत कुल 385 वाद को सुने गये जिसमें 121 अभियुक्त को जिला बदर व 68 व्यक्तियों को थाना स्थानीय पर हाजिर दर्ज कराने व 120 अभियुक्तों के विरूद्ध लीगल नोटिस पारित किया गया। इस प्रकार कुल 319 पत्रावलीयों का निस्तारण किया गया।

**पुरूस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध सख्त निर्देशन में की गयी कार्यवाही-**

लखनऊ कमिश्नरेट में कुल पुरूस्कार घोषित अभियोग मे 76 अभियुक्तों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए 53 इनाम घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी। 07 अभियुक्त हाजिर आदालत हुए, शेष बचे 16 अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार दविश दी जा रही है।

**ऑपरेशन कन्वेनशन के तहत की गयी कार्यवाहीः-**

ऑपरेशन कन्वेनशन के तहत वर्ष 2024 में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न जोन (पूर्वी, पश्चिमी, मध्य, दक्षिण और उत्तरी) में गंभीर आपराधिक मामलों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए गए। इस ऑपरेशन के अंतर्गत कुल 256 गम्भीर मामलों में कुल 329 दोषियों की सजा सुनिश्चित की गई, जिसमें 94 मामले पश्चिमी जोन, 40 मामले पूर्वी जोन, 25 मामले मध्य जोन, 47 मामले उत्तरी जोन और 50 मामले दक्षिणी जोन के हैं।

**लखनऊ पुलिस द्वारा यातायात सम्बन्धी की गयी प्रमुख समस्याओं का निवारण-**

लखनऊ पुलिस द्वारा ट्रैफिक को सुचारू व सुगम रूप से चलाने हेतु लखनऊ में विभिन्न मार्गों पर लगने वाले जाम इत्यादि को समाप्त किये जाने हेतु यातायात पुलिस/सिविल पुलिस द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर निम्नवत कार्यवाही की गयीः-

- अवैध ऑटो/टैम्पों/बस स्टैण्डों के विरूद्ध कार्यवाही
- यातायात नियमो का पालन न करने वाले वाहनो के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही
- लखनऊ ट्रैफिक पुलिस यातायात में सुधार के लिए कुछ स्थानों पर विगत दिनों में प्रयोग किया गया जिससे वर्तमान समय में यातायात संचालन में सुधार हुआ।
- लखनऊ सीमावर्ती प्रमुख स्थानों पर टैफिक पुलिस द्वारा अन्य जनपदों से आने वाले वाहनों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रतिदिन ड्यूटी लगायी जा रही है।

**गैर जनपदों से संचालित बिना परमिट वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही**

- लखनऊ ट्रैफिक पुलिस यातायात में सुधार के लिए कुछ स्थानों पर विगत दिनों में प्रयोग किया जैसे
- आईटी चौराहे पर जाम से निवारण हेतु ट्रैफिक बैरियर लगाकर काफी हद तक सामान्य किया गया।
- स्मृति वाटिका, निशातगंज पुल व वारलेस चौराहा के पास ट्रैफिक बैरियर लगाकर लगने वाले जाम की समस्या का निवारण किया गया।